आपके श्री चरणों में | by Yashi Gupta

आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी

श्याम तुम स्वामी मेरे स्वामिनी राधे रानी
युगल चरणों को निहारत कटे मेरी ज़िंदगानी
मैं तो बस चाकर तेरा चाकरी लगे प्यारी
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी

पाँव में बांधे घुंघरू हाथ करताल लिया है
नयन में छवि बसा कर तुम्हे ही याद किया है
नाचूं कीर्तन में तेरे नाचे ज्यूँ मीरा प्यारी
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी

बताओ कब मिलोगे हमसे ऐ गिरवरधारी
हम तेरे दर्श दीवाने दरश दे दो गिरधारी
बिता देंगे हम जीवन लेके एक आस तिहारी
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी

दूर अब तुमसे रहना नहीं मंज़ूर है हमको
पास तुम्हे आना पड़ेगा सुनो ऐ प्यारे तुमको
सभी दिलदार दिलों पर लगी बस छाप तुम्हारी
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%aa%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-yashi-gupta/